इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 19] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 6 मई 2016—वैशाख 16, शक 1938

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 24 मार्च 2016

क्र. ई-1-119-2016-5-एक.—नीचे तालिका के खाना (2) में दर्शाये भाप्रसे अधिकारियों को दिनांक 1 अप्रैल 2016 से 6 माह के लिए जिला प्रशिक्षण के लिए उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाए गए पद पर अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थापनापन्न रूप से पदस्थ किया जाता है :—

क्र.	अधिकारी का नाम तथा वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना	खाना (3) में अंकित पद असंवर्गीय होने की दशा में संवर्गीय पद जिसके समकक्ष घोषित किया गया
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री संजय गुप्ता, सलाहकार, राज्य योजना आयोग.	विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, कलेक्ट्रेट, जबलपुर.	उप सचिव मध्यप्रदेश शासन.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2016.

(1)	(2)	(3)	(4)
2	डॉ. मंजू शर्मा, अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा वित्तीय सलाहकार नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग (अतिरिक्त प्रभार).	विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, कलेक्ट्रेट, भोपाल.	उप सचिव मध्यप्रदेश शासन.
3.	डॉ. श्रीकांत पाण्डेय उपसचिव, वाणिज्यिक कर विभाग तथा उप महानिरीक्षक, पंजीयन, भोपाल (अतिरिक्त प्रभार).	विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, कलेक्ट्रेट, ग्वालियर.	उप सचिव मध्यप्रदेश शासन.
4	श्री शमीम उद्दीन उपसचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग.	विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, कलेक्ट्रेट, विदिशा.	उप सचिव मध्यप्रदेश शासन.

भोपाल, दिनांक 30 मार्च 2016

क्र. ई-1-127-2016-5-एक.—नीचे तालिका के खाना (2) में दर्शाये भाप्रसे अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाए गए पद पर अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से पदस्थ किया जाता है :—

क्र.	अधिकारी का नाम तथा वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना
(1)	(2)	(3)
1	श्री प्रभांशु कमल (1985) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पशुपालन विभाग.	प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग.
2	श्री व्ही. सी. सेमवाल (1985) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग.	प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग.
3	श्री अश्विनी कुमार राय (1990) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश जल निगम.	प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, पशुपालन विभाग.
4	श्री पंकज अग्रवाल (1992) वि. क. अ.-सह-आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएं तथा आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन.	प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश जल निगम.
(1)	(2)	(3)
5	श्रीमती दीपाली रस्तोगी (1994) पंजीयन, महानिरीक्षक एवं अधीक्षक मुद्रांक तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग.	आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएं तथा आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा पंजीयन, महानिरीक्षक एवं अधीक्षक मुद्रांक तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग (अतिरिक्त प्रभार).

(2) उपरोक्तानुसार श्री व्ही. सी. सेमवाल, द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री पी. सी. मीना, भाप्रसे (1984), कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन जेल विभाग (अतिरिक्त प्रभार) को केवल अपर मुख्य सचिव, जेल विभाग के अतिरिक्त प्रभार से तथा श्री व्ही. के. बाथम, भाप्रसे (1992), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन संसदीय कार्य विभाग तथा जेल विभाग (अतिरिक्त प्रभार) को केवल प्रमुख सचिव, जेल विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(3) श्री पंकज अग्रवाल, भाप्रसे (1992) आगामी आदेश तक, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास (अतिरिक्त प्रभार) का कार्य भी पूर्ववत संपादित करते रहेंगे.

भोपाल, दिनांक 1 अप्रैल 2016

क्र. ई-5-564-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती वीरा राणा, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग को दिनांक 16 मई से दिनांक 7 जून 2016 तक तेईस दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त

अवकाश के साथ दिनांक 14 एवं 15 मई 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती वीरा राणा को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती वीरा राणा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती वीरा राणा, अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

क्र. ई-5-843-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री नीरज दुबे, आयएएस., कलेक्टर, जिला खरगोन को दिनांक 4 से 7 अप्रैल 2016 तक चार दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 3 एवं 8, 9 एवं 10 अप्रैल 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री नीरज दुबे की अवकाश अवधि में श्री पी. आर. कतरोलिया, अपर कलेक्टर, जिला खरगोन को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक कलेक्टर जिला खरगोन का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री नीरज दुबे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला खरगोन के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री नीरज दुबे द्वारा कलेक्टर, जिला खरगोन का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री पी. आर. कतरोलिया, कलेक्टर जिला खरगोन के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री नीरज दुबे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री नीरज दुबे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 2 अप्रैल 2016

क्र. ई-5-565-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती गौरी सिंह, आयएएस., प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गैस राहत एवं पुनर्वास तथा आयुष विभाग को दिनांक 13 जून से 2 जुलाई 2016 तक बीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 11, 12 जून एवं 3 जुलाई 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती गौरी सिंह को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न, प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गैस राहत एवं पुनर्वास तथा आयुष विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती गौरी सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती गौरी सिंह, अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

क्र. ई-5-868-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती सूफिया फारूखी वली, आयएएस., उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को दिनांक 6 अक्टूबर 2015 से 2 अप्रैल 2016 तक एक सौ अस्सी दिन के प्रसूति अवकाश के अनुक्रम में दिनांक 3 अप्रैल से 8 जुलाई 2016 तक सत्तानवें दिन का Leave Not Due स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती सूफिया फारूखी वली को अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न, उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती सूफिया फारूखी वली को नियमानुसार अवकाश वेतन एवं भत्ता देय होगा.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती सूफिया फारूखी वली अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

क्र. ई-5-895-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) डॉ. मसूद अख्तर, आयएएस., कलेक्टर, जिला छतरपुर को दिनांक 6 से 13 अप्रैल 2016 तक आठ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 14, 15, 16, 17 अप्रैल 2016 का सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) डॉ. मसूद अख्तर की अवकाश अवधि में श्री चन्द्र मोहन ठाकुर, भाप्रसे, अपर कलेक्टर (विकास) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत छतरपुर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक कलेक्टर जिला छतरपुर का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर डॉ. मसूद अख्तर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर जिला छतरपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) डॉ. मसूद अख्तर द्वारा कलेक्टर, जिला छतरपुर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री चन्द्र मोहन ठाकुर, भाप्रसे, कलेक्टर जिला छतरपुर के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में डॉ. मसूद अख्तर को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. मसूद अख्तर, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 4 अप्रैल 2016

क्र. ई-5-805-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री विनोद सिंह बघेल, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग को दिनांक 8 से 12 फरवरी 2016 तक पांच दिन का लघुकृत अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री विनोद सिंह बघेल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री विनोद सिंह बघेल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विनोद सिंह बघेल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-816-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री संजीव सिंह, आयएस., नियंत्रक, शासकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री तथा संचालक, आपदा प्रबंध संस्थान तथा अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण एवं पदेन उपसचिव, राजस्व विभाग को दिनांक 23 मई से 10 जून 2016 तक उन्नीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 21 एवं 22 मई एवं 11, 12 जून 2016 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री संजीव सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न नियंत्रक, शासकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री तथा संचालक, आपदा प्रबंध संस्थान तथा अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण एवं पदेन उपसचिव, राजस्व विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री संजीव सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजीव सिंह, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 5 अप्रैल 2016

क्र. ई-1-128-2016-5-एक.—नीचे तालिका के खाना (2) में दर्शाये भाप्रसे अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाए गए पद पर अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थापनापन्न रूप से पदस्थ किया जाता है :—

क्र.	अधिकारी का नाम तथा वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना	खाना (3) में अंकित पद असंवर्गीय होने की दशा में संवर्गीय पद जिसके समकक्ष घोषित किया गया
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री आर. एस. जुलानिया (1985) अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग.	वि.क.अ.-सह-विकास आयुक्त एवं पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग.	अध्यक्ष राजस्व मंडल
2	श्री बी. आर. नायडू (1986) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग.	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन श्रम विभाग.	-

(1)	(2)	(3)	(4)
3	श्रीमती शिखा दुबे (1987) संचालक, आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल.	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आयुष विभाग तथा आयुक्त-सह-संचालक, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी का अतिरिक्त प्रभार.	-
4	श्री आशीष उपाध्याय (1989) वि. क. अ.-सह-आयुक्त, कोष एवं लेखा एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग.	प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग.	-
5	श्रीमती अलका उपाध्याय (1990) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल तथा विकास आयुक्त एवं पदेन प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (अतिरिक्त प्रभार).	प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग.	-
6	श्री आशीष श्रीवास्तव (1992) वि. क. अ.-सह-सदस्य, राजस्व मंडल ग्वालियर एवं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, कार्यालय विशेष आयुक्त (समन्वय) मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली (अतिरिक्त प्रभार).	वि. क. अ.-सह-आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली तथा विशेष आयुक्त (समन्वय) मध्य प्रदेश भवन, नई दिल्ली (अतिरिक्त प्रभार).	प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन.
7	श्री व्ही. एल. कांताराव (1992) वि. क. अ.-सह-आयुक्त, उद्योग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य उद्योग निगम, वस्त्र निगम एवं लघु उद्योग निगम (अतिरिक्त प्रभार).	प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, वि. क. अ.-सह-आयुक्त उद्योग, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य उद्योग निगम, वस्त्र निगम तथा लघु उद्योग निगम का (अतिरिक्त प्रभार).	-
8	श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव (1992) वि. क. अ.-सह-आयुक्त, महिला सशक्तिकरण, मध्यप्रदेश तथा पदेन प्रबंध संचालक, महिला वित्त एवं विकास निगम.	प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग.	-
9	श्री अनुपम राजन (1993) आयुक्त जनसंपर्क.	पर्यावरण आयुक्त तथा कार्यपालक संचालक, पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) तथा आयुक्त, जनसंपर्क (अतिरिक्त प्रभार).	-
10	श्री रमेश एस. थेटे (1993) सचिव, मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग.	सचिव, मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग.	-

(1)	(2)	(3)	(4)
11	श्री सचिन सिन्हा (1995) सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग.	संचालक, आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी एवं सचिव मध्यप्रदेश शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग.	-
12	डॉ. मधु खरे (1997) सदस्य, राजस्व मंडल, ग्वालियर	सचिव, मध्यप्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग.	-
13	श्री के. के. खरे (1997) कमिश्नर, ग्वालियर संभाग, ग्वालियर.	प्रमुख राजस्व आयुक्त, भोपाल	सचिव म. प्र. शासन
14	श्री केदारलाल शर्मा (1999) कलेक्टर, टीकमगढ़.	वि.क.अ.-सह-संचालक, आदिमजाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं.	संभागीय कमिश्नर
15	श्री संतोष कुमार मिश्रा (1999) कलेक्टर, सतना.	संचालक, पंचायती राज	-
16	श्रीमती रजनी उइके (1999) सचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग.	वि.क.अ.-सह-सचिव, राज्य सूचना आयोग	संभागीय कमिश्नर
17	श्री शिवनारायण रूपला (2000) कलेक्टर, जबलपुर.	कमिश्नर, ग्वालियर संभाग, ग्वालियर	-
18	श्रीमती जयश्री कियावत (2000) मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं संचालक, एड्स (अतिरिक्त प्रभार).	आयुक्त, महिला सशक्तिकरण, मध्यप्रदेश तथा पदेन प्रबंध संचालक, महिला वित्त एवं विकास निगम.	-
19	श्री नीरज दुबे (2000) कलेक्टर, खरगौन.	आयुक्त, लोक शिक्षण	-
20	श्री सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय (2000) वि.क.अ.-सह-अपर आयुक्त (राजस्व) जबलपुर संभाग.	सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग	-
21	श्री के. सी. जैन (2000) वि.क.अ.-सह-अपर आयुक्त (राजस्व), उज्जैन संभाग.	सदस्य, राजस्व मंडल, ग्वालियर	-
22	श्री जे. के. जैन (2002) कलेक्टर, रायसेन.	कलेक्टर, छिंदवाड़ा	-
23	श्री महेश चन्द्र चौधरी (2002) कलेक्टर, छिन्दवाड़ा.	कलेक्टर, जबलपुर	-
24	श्री नरेश पाल कुमार (2003) कलेक्टर, नरसिंहपुर.	कलेक्टर, सतना	-
25	श्री लोकेश कुमार जाटव (2004) कलेक्टर, मंडला.	कलेक्टर, रायसेन	-

(1)	(2)	(3)	(4)
26	श्री संजीव सिंह (2005) नियंत्रक, शासकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री तथा संचालक, आपदा प्रबंधन संस्थान (डीएमआई)तथा अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण तथा पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग.	संचालक, कौशल विकास, मध्यप्रदेश तथा नियंत्रक, शासकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री तथा संचालक, आपदा प्रबंधन संस्थान (डीएमआई) का अतिरिक्त प्रभार.	–
27	श्री अशोक कुमार वर्मा (2005) उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, श्रम विभाग.	कलेक्टर, खरगौन	–
28	श्रीमती छवि भारद्वाज (2008) कलेक्टर, डिण्डौरी.	आयुक्त, नगरपालिक निगम, भोपाल	उप सचिव मध्यप्रदेश शासन
29	श्री कृष्ण गोपाल तिवारी (2008) कलेक्टर, उमरिया.	संचालक, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास.	–
30	श्री सिबि चक्रवर्ती एम. (2008) संचालक, कौशल विकास.	कलेक्टर, नरसिंहपुर	–
31	श्री व्ही. किरण गोपाल (2008) संचालक, आदिमजाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य आदिवासी वित्त एवं विकास निगम तथा पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग.	मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं संचालक एड्स (अतिरिक्त प्रभार) तथा अपर प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लिमिटेड (ट्रायफेक) का अतिरिक्त प्रभार	उप सचिव मध्यप्रदेश शासन
32	सुश्री प्रियंका दास (2009) अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास.	कलेक्टर, टीकमगढ़	–
33	श्री अभिषेक सिंह (2009) संचालक, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास तथा संचालक, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी (अतिरिक्त प्रभार).	कलेक्टर उमरिया	–
34	सुश्री प्रीति मैथिल (2009) अपर कलेक्टर, नीमच.	कलेक्टर, मंडला	–
35	श्री अमित तोमर (2009) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं पदेन अपर कलेक्टर (विकास) खण्डवा.	कलेक्टर डिण्डौरी	–
36.	श्री तेजस्वी एस. नायक (2009) आयुक्त, नगरपालिक निगम, भोपाल	अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग.	–
37	श्री मोहित बुंदस (2011) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं पदेन अपर कलेक्टर (विकास) सीधी.	अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल	मु. का. अ. जिला पंचायत

(2) उपरोक्तानुसार श्री बी. आर. नायडू, भाप्रसे (1986) द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, श्रम विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री एम. के. वार्ष्णेय, भ्रापसे (1991), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग एवं श्रम विभाग (अतिरिक्त प्रभार) केवल श्रम विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(3) उपरोक्तानुसार श्रीमती शिखा दुबे भाप्रसे (1987) द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आयुष विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती गौरी सिंह, भाप्रसे (1987), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास तथा आयुष विभाग (अतिरिक्त प्रभार) केवल आयुष विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगी.

(4) उपरोक्तानुसार श्री आशीष उपाध्याय, भाप्रसे (1989)द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री के. के. सिंह, भाप्रसे (1985), वि. क. अ.-सह-राहत आयुक्त एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व, पुनर्वास विभाग एवं पुनर्वास आयुक्त तथा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग केवल प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) उपरोक्तानुसार श्री आशीष श्रीवास्तव, भाप्रसे (1992)द्वारा वि. क. अ.-सह-आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश, नई दिल्ली तथा विशेष आयुक्त (समन्वय) मध्य प्रदेश भवन, नई दिल्ली (अतिरिक्त प्रभार) का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री प्रकाश उन्हाले, भा.व.से., अपर आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली तथा आवासीय आयुक्त और विशेष आयुक्त (समन्वय), मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली का अतिरिक्त प्रभार केवल आवासीय आयुक्त तथा विशेष आयुक्त (समन्वय), मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(6) उपरोक्तानुसार श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, भाप्रसे (1992)द्वारा प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री पंकज अग्रवाल, भाप्रसे (1992), प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश जल निगम तथा प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग केवल प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग से मुक्त होंगे.

(7) उपरोक्तानुसार श्री अनुपम राजन, भाप्रसे (1993) द्वारा पर्यावरण आयुक्त तथा कार्यपालक संचालक, पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री मलय श्रीवास्तव, भाप्रसे (1990), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग एवं पर्यावरण आयुक्त महानिदेशक, एप्को तथा प्रशासक राजधानी परियोजना प्रशासन केवल पर्यावरण आयुक्त के प्रभार से तथा श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव, भाप्रसे (1996), आयुक्त-सह-संचालक, पुरातत्व संग्रहालय एवं कार्यपालक संचालक, पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) अतिरिक्ति प्रभार) तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य भंडार गृह निगम (अतिरिक्त प्रभार) केवल कार्यपालक संचालक, पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(8) श्री अनिरुद्ध मुकर्जी, भाप्रसे (1993), सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक, आयुक्त, कोष एवं लेखा का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

(9) श्री मनीष रस्तोगी, भाप्रसे (1994), प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम एवं पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

(10) श्री के. के. खरे, भाप्रसे, (1997) द्वारा प्रमुख राजस्व आयुक्त का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री जी. पी. श्रीवास्तव, भाप्रसे (1997), सचिव, राजस्व विभाग एवं प्रमुख राजस्व आयुक्त (अतिरिक्त प्रभार) केवल प्रमुख राजस्व आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(11) उपरोक्तानुसार श्री नीरज दुबे भाप्रसे (2000) द्वारा आयुक्त, लोक शिक्षण का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती दीप्ति गौड़ मुकर्जी, भाप्रसे (1993), आयुक्त-सह-संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र तथा पदेन सचिव, मध्य प्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग तथा आयुक्त, लोक शिक्षण (अतिरिक्त प्रभार) केवल आयुक्त, लोक शिक्षण के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगी.

(12) श्री रविन्द्र कुमार मिश्रा, भाप्रसे (2003), अपर आयुक्त, अनुसूचित जनजाति कल्याण को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 6 अप्रैल 2016

क्र. ई-5-457-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती कंचन जैन, आयएएस., महानिदेशक, आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल तथा पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन, साप्रवि (विधिक एवं सर्तकता प्रकोष्ठ) को दिनांक 20 अप्रैल से दिनांक 28 मई 2016 तक उन्चालीस दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 19 अप्रैल एवं 29 मई 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्रीमती कंचन जैन की अवकाश अवधि में उनका श्रीमती सुरंजना रे, भाप्रसे अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्य प्रदेश, भोपाल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती कंचन जैन को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न महानिदेशक, आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल तथा पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन, साप्रवि (विधिक एवं सर्तकता प्रकोष्ठ) के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती कंचन जैन द्वारा महानिदेशक, आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल तथा पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन, साप्रवि (विधिक एवं सर्तकता प्रकोष्ठ) का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती सुरंजना रे, उक्त प्रभार से मुक्त होंगी.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती कंचन जैन को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती कंचन जैन अवकाश पर नहीं जाती तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

भोपाल, दिनांक 7 अप्रैल 2016

क्र. ई-1-119-2016-5-एक.—डॉ. मंजू शर्मा, भाप्रसे, को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 24 मार्च, 2016 से विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, कलेक्ट्रेट भोपाल नियुक्त किया गया है.

(2) डॉ. मंजू शर्मा, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, कलेक्ट्रेट भोपाल के अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास का कार्य भी संपादित करती रहेंगी.

क्र. ई-5-486-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री विनोद चन्द्र सेमवाल, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग को दिनांक 4 से 7 अप्रैल 2016 तक चार दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 3 एवं 8, 9, 10 अप्रैल 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री विनोद चन्द्र सेमवाल की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री व्ही. के. बाथम, भाप्रसे, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संसदीय कार्य विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री विनोद चन्द्र सेमवाल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री विनोद चन्द्र सेमवाल द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री व्ही. के. बाथम उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री विनोद चन्द्र सेमवाल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विनोद चन्द्र सेमवाल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 11 अप्रैल 2016

क्र. ई-1-132-2016-5-एक.—श्री एस. एस. कुमरे, भाप्रसे (2000), उप सचिव, मध्य प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग को अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप सचिव, मध्य प्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पदस्थ किया जाता है.

(2) सुश्री शशिकला खत्री, राप्रसे (1987), उप सचिव, मध्य प्रदेश शासन, आयुष विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक उप सचिव, मध्य प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

क्र. ई-1-136-2016-5-एक.—श्री गुलशन बामरा, भाप्रसे (1997), कमिश्नर, जबलपुर संभाग, जबलपुर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक कमिश्नर, सागर संभाग, सागर का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 18 अप्रैल 2016

क्र. ई-1-123-2016-5-एक.—डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, भाप्रसे (2001), अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग तथा संचालक, बजट की सेवाएं माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय इस्पात एवं खान मंत्री, भारत सरकार के निज सचिव के पद पर नियुक्ति के लिए भारत सरकार कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को सौंपी जाती हैं.

क्र. ई-5-791-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री निशांत वरवड़े, आयएएस., कलेक्टर, जिला भोपाल को दिनांक 17 से 22 अप्रैल 2016 तक छह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री निशांत वरवड़े की अवकाश अवधि में श्री बी. एस. जामोद, अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, भोपाल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक कलेक्टर, जिला भोपाल का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री निशांत वरवड़े को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री निशांत वरवड़े द्वारा कलेक्टर जिला भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री बी. एस. जामोद, कलेक्टर, जिला भोपाल के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री निशांत वरवड़े को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री निशांत वरवड़े अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अन्टोनी डिसा, मुख्य सचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21 अप्रैल 2016

क्र. एफ. 1(बी) 84-14-बी-4-दो.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 27 फरवरी 2016 द्वारा वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिक शास्त्र) के पद पर लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती से चयनित श्री राजेश कुमार झा, म. नं. 113-114, थर्ड फ्लोर, पॉकेट-13, सेक्टर 20, रोहणी, दिल्ली 110086 की नियुक्ति उपरान्त पदस्थापना राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, सागर में की गई है. उक्त आदेश की कंडिका-2 के अनुसार श्री राजेश कुमार झा को नियुक्ति आदेश प्राप्ति की 15 दिवस की अवधि में पदस्थापना कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें अन्यथा नियुक्ति आदेश निरस्त माने जाने के संबंध में निर्देशित किया गया है.

(2) पुलिस मुख्यालय के पत्र क्र. अअवि-एफएसएल-149-16, दिनांक 29 मार्च 2016 के अनुसार श्री राजेश कुमार झा, द्वारा वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिक शास्त्र) के पद पर नियुक्ति उपरान्त राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, सागर में कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है.

(3) अतः राज्य शासन द्वारा मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर के पत्र क्र. 13144-43-13-चयन, दिनांक 29 अक्टूबर 2014 द्वारा इस विभाग को वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिक शास्त्र) के पद पर चयन संबंधी प्रेषित चयन सूची के स. क्र.-1 (अनुक्रमांक-101749) में उल्लेखित श्री राजेश कुमार झा की वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिक शास्त्र) के पद पर नियुक्ति के संबंध में जारी समसंख्यक आदेश दिनांक 27 फरवरी 2016 को निरस्त किया जाकर उक्त पद पर श्री राजेश कुमार झा के नियुक्ति संबंधी दावे को सदैव के लिये समाप्त मान्य किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 23 अप्रैल 2016

क्र. एफ 1(ए) 29-16-ब-2-दो.—(1) श्री विकास कुमार सहवाल, भा, पु. से. (परि.) थाना प्रभारी मझगवां, जबलपुर को दिनांक 28 मार्च से 11 अप्रैल 2016 तक, 15 दिवस पितृत्व अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री विकास कुमार सहवाल भा, पु. से. (परि.) को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, थाना प्रभारी मझगवां, जबलपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री विकास कुमार सहवाल भा, पु. से. (परि.) को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विकास कुमार सहवाल भा, पु. से. (परि.) उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 27 अप्रैल 2016

क्र. एफ 1(बी)83-2014-बी-4-दो.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर द्वारा राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला सेवा के अंतर्गत वैज्ञानिक अधिकारी (जीव विज्ञान) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आयोजित परीक्षा 2013 के माध्यम से संयुक्त प्रतिस्पर्धा परीक्षा के परिणाम के आधार पर अनुपूरक सूची के स. क्र.-13 (अनुक्रमांक-100984-अन्य पिछड़ा वर्ग्-महिला) पर चयनित निम्नलिखित अभ्यर्थी को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर मध्यप्रदेश न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला सेवा में कनिष्ठ वेतनमान

रुपये 15600-39100+5400/- में वैज्ञानिक अधिकारी (जीव विज्ञान) के पद पर उनके नाम के सम्मुख कालम (4) में अंकित कार्यालय में नियुक्त किया जाता है:—

क्र.	लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित अनुपूरक सूची का क्र.	अभ्यर्थी का नाम एवं पत्राचार का पता	पदस्थापना कार्यालय/ स्थल
(1)	(2)	(3)	(4)
1	13	कु. पूनम वर्मा, 33-ए, मुरार एन्क्लेव रेजीडेंसी रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर म. प्र.-474005	राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, सागर.

(2) नवनियुक्त अधिकारीगण आदेश प्राप्ति के 15 दिवस की अवधि में कॉलम 04 में अंकित कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें अन्यथा नियुक्ति आदेश निरस्त माना जायेगा.

(3) नवनियुक्त अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि, स्थाईकरण, वरिष्ठता पदोन्नति आदि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 एवं मध्यप्रदेश न्यायालयिक प्रयोगशाला (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम-1993 से शासित होगी. सेवा संबंधी अन्य मुद्दे शासन के वर्तमान नियमों तथा भविष्य में बनाए जाने वाले नियमों/ निर्देशों के अंतर्गत निराकृत किये जायेंगे.

(4) नवनियुक्ति अधिकारी की सेवाएं किसी भी समय एक माह की सूचना अथवा उसके एवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते देकर बिना कारण बताए समाप्त की जा सकती है. इसी प्रकार यदि वे अपने पद से त्याग-पत्र देकर शासकीय सेवा छोड़ना चाहे तो उन्हें भी एक माह का नोटिस देना आवश्यक होगा. एक माह पूर्व सूचना न देने की स्थिति में एक माह का वेतन व अन्य भत्ते जो वह उस समय प्राप्त कर रहे होंगे नगद जमा करना होगा अन्यथा उक्त रकम राजस्व बकाया के तौर पर उनसे वसूल की जावेगी.

(5) राज्य शासन के अधीन दिनांक 1 जनवरी 2005 अथवा इसके बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को नवीन अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी.

(6) नियुक्त अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी असत्य पाये जाने पर उनकी सेवायें बिना किसी सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेंगी एवं उनके द्वारा इस संबंध में प्रस्तुत कोई भी दावा मान्य नहीं होगा.

(7) परीवीक्षाधीन अधिकारी द्वारा पदस्थापना कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करते समय एक ''बाण्ड'' शासन के पक्ष में निष्पादित करना होगा कि परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण न करने की दशा में अथवा प्रशिक्षण अवधि में सेवा छोड़ने पर उनकी परिवीक्षा अवधि में शासन द्वारा खर्च की गई राशि जिसमें वेतन भत्ते, यात्रा भत्ते एवं अन्य अग्रिम व्यय राशि शामिल होगी, की वापसी के लिये वे उत्तरदायी होंगे.

(8) नवनियुक्त अधिकारी जो पूर्व से शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में सेवारत है, उन्हें अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र अजॉच एवं अमांग प्रमाण-पत्र शासन को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जावेगा.

(9) प्रत्याशी को निर्देशित किया जाता है कि वह नियुक्ति के संबंध में अपनी योग्यता एवं जाति प्रमाण-पत्र की मूल प्रति पदस्थापना संबंधी जिले के पुलिस अधीक्षक/संयुक्त निदेशक क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला कार्यालय/कार्यालय प्रमुख को सत्यापन हेतु प्रस्तुत करेंगे.

(10) मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2002 (क्रमांक 10 सन् 2002) दिनांक 13 मई 2002 के प्रावधान अनुसार सुविधा सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियुक्ति की प्रविष्टियॉ रोस्टर पंजी में कर दी गई है.

(11) प्रमाणित किया जाता है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गो को आरक्षण) अधिनियम 1994 (क्रमांक सन् 1994) उपबंधों का और उक्त अधिनियम के उपबंधों के प्रकाश में राज्य शासन द्वारा जारी किये गये अनुदेशों का अनुपालन किया गया है तथा उसे (नियोक्ता को) उक्त अधिनियम की धारा 6, की उपधारा (1) के उपबंधों का पूर्ण संज्ञान है.

क्र. एफ 1(बी)83-14-बी-4-दो.—मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के पत्र क्रमांक 13145/45/13/चयन, दिनांक 29 अक्टूबर 2014 के साथ संलग्न प्राप्त वैज्ञानिक अधिकारी (जीव विज्ञान) राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, गृह (पुलिस) विभाग के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु चयन सूची के स. क्र. 26, अनुक्रमांक-100805, डॉ. सुनील कुमार स्नेही का चयन लोक सेवा आयोग द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के तहत किया गया था तथा शासन समसंख्यक आदेश दिनांक 27 जनवरी 2016 द्वारा इनकी नियुक्ति उपरान्त पदस्थापना वैज्ञानिक अधिकारी (जीव विज्ञान) जिला सीन ऑफ क्राईम (मोबाईल) यूनिट श्योपुरकला की गई है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 3 मार्च 2016 द्वारा डॉ. सुनील कुमार स्नेही के आवेदन पत्र के आधार पर इन्हें

नियुक्ति उपरान्त पदस्थापना स्थल पर दिनांक 15 मार्च 2016 तक कार्यभार ग्रहण करने की अवधि में वृद्धि किये जाने के आदेश जारी किये गये. पुलिस मुख्यालय के पत्र क्र. अअवि-एफएसएल-149-16, दिनांक 29 मार्च 2016 द्वारा यह अवगत कराया गया कि डॉ. सुनील कुमार स्नेही द्वारा आज दिनांक तक नियुक्ति उपरान्त पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है.

(3) अतः राज्य शासन द्वारा डॉ. सुनील कुमार स्नेही द्वारा समसंख्यक नियुक्ति आदेश दिनांक 27 जनवरी 2016 की कंडिका-2 में निहित निर्देशों के अनुसार आदेश प्राप्ति के 15 दिवस की अवधि एवं कार्यभार ग्रहण अवधि में वृद्धि करने संबंधी समसंख्यक आदेश दिनांक 3 मार्च 2016 द्वारा दिनांक 15 मार्च 2016 व्यतीत हो जाने के पश्चात् भी पदस्थापना स्थल जिला सीन ऑफ क्राईम (मोबाईल) यूनिट, श्योपुरकला में कार्यभार ग्रहण करने संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत न करने के कारण समसंख्यक आदेश दिनांक 27 जनवरी 2016 द्वारा जारी डॉ. सुनील कुमार स्नेही की वैज्ञानिक अधिकारी (जीव विज्ञान) के पद पर नियुक्ति संबंधी आदेश निरस्त किया जाकर वैज्ञानिक अधिकारी (जीव विज्ञान) के पद पर नियुक्ति संबंधी इनका दावा सदैव के लिये समाप्त मान्य किया जाता है.

क्र. एफ 1(बी)85-14-बी-4-दो.—मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के पत्र क्रमांक 13143/44/13/चयन, दिनांक 29 अक्टूबर 2014 के साथ संलग्न प्राप्त वैज्ञानिक अधिकारी (रसायन शास्त्र) राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, गृह (पुलिस) विभाग के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु चयन सूची के स. क्र. 22, अनुक्रमांक-102155, श्री राजेश कुमार सैनी का चयन लोक सेवा आयोग द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के तहत किया गया था तथा शासन समसंख्यक आदेश दिनांक 27 जनवरी 2016 द्वारा इनकी नियुक्ति उपरान्त पदस्थापना वैज्ञानिक अधिकारी (रसायन शास्त्र) जिला सीन ऑफ क्राईम (मोबाईल) यूनिट उमरिया की गई है.

(2) पुलिस मुख्यालय के पत्र क्र. अअवि/एफएसएल/149/16, दिनांक 29 मार्च 2016 द्वारा यह अवगत कराया गया कि श्री राजेश कुमार सैनी द्वारा आज दिनांक तक नियुक्ति उपरान्त पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है.

(3) अतः राज्य शासन श्री राजेश कुमार सैनी द्वारा समसंख्यक नियुक्ति आदेश दिनांक 27 जनवरी 2016 की कंडिका-2 में निहित निर्देशों के अनुसार आदेश प्राप्ति के 15 दिवस की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् भी पदस्थापना स्थल जिला सीन ऑफ क्राईम (मोबाईल) यूनिट, उमरिया में कार्यभार ग्रहण करने संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत न करने के कारण समसंख्यक आदेश दिनांक 27 जनवरी 2016 द्वारा जारी श्री राजेश कुमार सैनी की वैज्ञानिक अधिकारी (रसायन शास्त्र) के पद पर नियुक्ति संबंधी आदेश निरस्त किया जाकर वैज्ञानिक अधिकारी (रसायन शास्त्र) के पद पर नियुक्ति संबंधी इनका दावा सदैव के लिये समाप्त मान्य किया जाता है.

क्र. एफ 1(बी)85-2014-बी-4-दो.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर द्वारा राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला सेवा के अंतर्गत वैज्ञानिक अधिकारी (रसायन शास्त्र) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आयोजित परीक्षा 2013 के माध्यम से संयुक्त प्रतिस्पर्धा परीक्षा के परिणाम के आधार पर अनुपूरक सूची के स. क्र.-10 (अनुक्रमांक-102361-अन्य पिछड़ा वर्ग) पर चयनित निम्नलिखित अभ्यर्थी को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर मध्यप्रदेश न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला सेवा में कनिष्ठ वेतनमान रुपये 15600-39100+5400/- में वैज्ञानिक अधिकारी (जीव विज्ञान) के पद पर उनके नाम के सम्मुख कालम (4) में अंकित कार्यालय में नियुक्त किया जाता है:—

क्र.	लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित अनुपूरक सूची का क्र.	अभ्यर्थी का नाम एवं पत्राचार का पता	पदस्थापना कार्यालय/ स्थल
(1)	(2)	(3)	(4)
1	10	श्री अनिल कुमार सोनी, ए-32, अभिनंदन नगर, सुखालिया, इंदौर, मध्यप्रदेश	क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, ग्वालियर.

(2) नवनियुक्त अधिकारी द्वारा स्वयं के स्वास्थ्य के संबंध में संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, इन्दौर संभाग, इन्दौर के पत्र क्र. मेडिकल बोर्ड-16-3258, दिनांक 22 अप्रैल 2016 में उल्लेखित अनुसार दिनांक 7 मई 2016 को संभागीय मेडिकल बोर्ड, इन्दौर की मासिक बैठक के पश्चात् जारी उपयुक्त (Fit)होने संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के उपरान्त ही कॉलम 4 में अंकित कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा. इनके स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट की एक प्रति विभाग को भी सम्प्रेषित की जायेगी. स्वास्थ्य परीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत न करने पर नियुक्ति आदेश निरस्त माना जायेगा.

(3) नवनियुक्त अधिकारी की परिवीक्षा अवधि, स्थाईकरण, वरिष्ठता पदोन्नति आदि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 एवं मध्यप्रदेश न्यायालयिक प्रयोगशाला (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम-1993 से शासित होगी. सेवा संबंधी अन्य मुद्दे शासन के वर्तमान नियमों तथा भविष्य में बनाए जाने वाले नियमों/ निर्देशों के अंतर्गत निराकृत किये जायेंगे.

(4) नवनियुक्त अधिकारी की सेवाएं किसी भी समय एक माह की सूचना अथवा उसके एवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते देकर बिना कारण बताए समाप्त की जा सकती है. इसी प्रकार यदि वे अपने पद से त्याग-पत्र देकर शासकीय सेवा छोड़ना चाहे तो उन्हें भी एक माह का नोटिस देना आवश्यक होगा. एक माह पूर्व सूचना न देने की स्थिति में एक माह का वेतन व अन्य भत्ते जो वह उस

समय प्राप्त कर रहे होंगे, नगद जमा करना होगा अन्यथा उक्त रकम राजस्व बकाया के तौर पर उनसे वसूल की जावेगी.

(5) राज्य शासन के अधीन दिनांक 1 जनवरी 2005 अथवा इसके बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को नवीन अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी.

(6) नियुक्त अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी असत्य पाये जाने पर उनकी सेवायें बिना किसी सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेगी एवं उनके द्वारा इस संबंध में प्रस्तुत कोई भी दावा मान्य नहीं होगा.

(7) परीवीक्षाधीन अधिकारी द्वारा पदस्थापना कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करते समय एक ''बाण्ड'' शासन के पक्ष में निष्पादित करना होगा की परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण न करने की दशा में अथवा प्रशिक्षण अवधि में सेवा छोड़ने पर उनकी परिवीक्षा अवधि में शासन द्वारा खर्च की गई राशि जिसमें वेतन भत्ते, यात्रा भत्ते एवं अन्य अग्रिम व्यय राशि शामिल होगी, की वापसी के लिये उत्तरदायी होंगे.

(8) नवनियुक्त अधिकारी जो पूर्व से शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में सेवारत है, उन्हें अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र अजॉच एवं अमांग प्रमाण-पत्र शासन को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जावेगा.

(9) प्रत्याशी को निर्देशित किया जाता है कि वह नियुक्ति के संबंध में अपनी योग्यता एवं जाति प्रमाण-पत्र की मूल प्रति पदस्थापना संबंधी जिले के पुलिस अधीक्षक/संयुक्त निदेशक क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला कार्यालय/कार्यालय प्रमुख के सत्यापन हेतु प्रस्तुत करेंगे.

(10) मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2002 (क्रमांक 10 सन् 2002) दिनांक 13 मई 2002 के प्रावधान अनुसार सुविधा सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियुक्ति की प्रविष्टियॉ रोस्टर में पंजी में कर दी गई है.

(11) प्रमाणित किया जाता है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गो को आरक्षण) अधिनियम 1994 (क्रमांक सन् 1994) उपबंधों का और उक्त अधिनियम के उपबंधों के प्रकाश में राज्य शासन द्वारा जारी किये गये अनुदेशों का अनुपालन किया गया है तथा उसे (नियोक्ता को) उक्त अधिनियम की धारा 6, की उपधारा (1) के उपबंधों का पूर्ण संज्ञान है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कमला उपाध्याय, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 7 अप्रैल 2016

फा. क्र. 3(सी)8-86-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, श्री अरूण शुक्ला, अधिवक्ता जबलपुर को इंडियन लॉ रिपोर्टर (ILR) (मध्यप्रदेश सीरीज) के लिये मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की स्थापना पर निर्मित पार्ट टाईम रिपोर्टर के स्थायी पद पर रुपये 5000/- (रुपये पाँच हजार) केवल प्रतिमाह निश्चित मानदेय पर दिनांक 23 फरवरी 2016 से दिनांक 22 फरवरी 2017 तक एक वर्ष अथवा नवीन नियुक्ति होने (जो भी पहले हो) तक नियुक्त करता है.

(2) इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-2014-न्याय प्रशासन (102) उच्च न्यायालय (579) उच्च न्यायालय भारित (01) वेतन के अंतर्गत विकलनीय होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विरेन्दर सिंह, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 25 अप्रैल 2016

पंजी क्र. 1339-2016-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन तहसील-मुलताई, जिला मुख्यालय, बैतूल में नियुक्त नोटरी, श्री बी. आर. कोसे, का दिनांक 9 अक्टूबर 2015 को निधन होने के फलस्वरूप, मृतक के नोटरी नियुक्ति आदेश दिनांक 23 मई 2009 एवं नवीनीकरण आदेश दिनांक 21 मई 2014 को अपास्त करते हुए श्री बी. आर. कोसे का नाम शासन द्वारा संधारित नोटरी पंजी से विलोपित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. के.वैद्य, सचिव.

मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 4 अप्रैल, 2016

क्र. एफ 3-13-2010-छत्तीस.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री ओ. पी. सक्सेना, संयुक्त संचालक, संचालनालय मत्स्योद्योग, भोपाल को संचालक मत्स्योद्योग, के समकक्ष पद पर पुनरीक्षित वेतन बैंड रुपये 37,400—67000+ ग्रेड पे 8900 में स्थानापन्न रूप से पदोन्नत करते हुए, उन्हें अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक, कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से प्रतिनियुक्ति पर मुख्य महाप्रबंधक, मध्यप्रदेश मत्स्य महासंघ (सहकारी) मर्यादित, भोपाल के पद पर पदस्थ किया जाता है.

(2) श्री ओ. पी. सक्सेना उक्त कार्य के साथ-साथ संचालनालय मत्स्योद्योग में संयुक्त संचालक के पद का अतिरिक्त कार्य भी आगामी आदेश तक संपादित करते रहेंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कलिस्ता कुजूर, अवर सचिव.

वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 13 अप्रैल 2016

क्र. एफ 16-18-2015-बी-ग्यारह.—राज्य सरकार एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश निवेश क्षेत्र विकास और प्रबंध अधिनियम, 2013 की धारा 4 की उपधारा (1) सहपठित मध्यप्रदेश निवेश क्षेत्र विकास और प्रबंध नियम, 2016 के नियम 6 के उपनियम (1) के प्रावधानों अंतर्गत मध्यप्रदेश औद्योगिक केन्द्र विकास निगम इंदौर को इन्दौर राजस्व संभाग (जिला-इन्दौर, धार, खण्डवा, खरगौन, झाबुआ, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर) के क्षेत्राधिकार में आने वाले निवेश क्षेत्र के लिए निवेश क्षेत्र विकास एवं प्रबंध योजना (स्कीम) तैयार करने तथा अधिनियम एवं नियम के प्रावधानों को क्रियान्वित करने हेतु एजन्सी के रूप में प्राधिकृत करता है.

No. F 16-18-2015-B-XI.—In exercise of the Power conferred by sub-section (1) of Section 4 of the Madhya Pradesh Investment Region Development and Management Act, 2013 and sub-rule (1) of Rule 6 of Madhya Pradesh Investment Region Development and Management Rules, 2016 the State Government hereby authorize M. P. Audhyogik Kendra Vikas Nigam Indore to function as an agency for investment region situated in the Indore Revenue Division (District-Indore, Dhar, Khandwa, Khargone, Jhabua, Burhanpur, Badwani, Alirajpur), to prepare Investment Region Development and Management Schemes and to implement the provisions of the Act and rules.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मोहम्मद सुलेमान, प्रमुख सचिव.

संस्कृति विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 अप्रैल 2016

क्र. एफ-11-25-2015-तीस.—राज्य शासन आदेश क्रमांक एफ क्रमांक एफ 11-25-2015-तीस, दिनांक 04 नवम्बर 2015 द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित अनुसूची के कॉलम क्रमांक 7 में 32.282 है. का उल्लेख है उसे विलोपित करते हुये उक्त के स्थान पर 7452.2214 वर्गफुट स्थित भूमि पढ़ा जावे.

अनुसूची

अनुसूची राज्य	जिला	तहसील	स्थल	स्मारक का नाम	राजस्व खण्ड क्रमांक जिसे संरक्षक में सम्मिलित करना है	क्षेत्रफल	स्वामित्व	धार्मिक पूजा अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
म. प्र.	नरसिंहपुर	नरसिंहपुर	ग्राम नरसिंहपुर प.ह.नं. नरसिंहपुर न. 40.	नरसिंह मंदिर	48	7452.2214 वर्गफुट	शासकीय राजस्व विभाग, म.प्र. शासन.	नहीं है

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजेश प्रसाद मिश्र, सचिव.

भोपाल, दिनांक 21 अप्रैल 2016

क्र. एफ-11-16-2012-तीस.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष अधिनियम 1964 (क्रमांक 12 सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत बेनजीर बिल्डिंग ईदगाह हिल्स, भोपाल को संस्कृति विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 11-16-2012-तीस, भोपाल दिनांक 7 दिसम्बर 2012 द्वारा राज्य संरक्षित स्मारक घोषित करने के लिए अधिसूचित किया गया था.

राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष अधिनियम 1964 की धारा 34 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उक्त अधिसूचना को एतद् निरस्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पदमरेखा ढोले, अवर सचिव.

नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 27 अप्रैल 2016

क्र. एफ 3-37-2016-अठारह-5-**शुद्धि पत्र**-.—इस विभाग का समसंख्यक आदेश दिनांक 12 अप्रैल 2016 में आवास एवं पर्यावरण विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-3-69-2007-बत्तीस, भोपाल, दिनांक 21 सितम्बर 2017 के स्थान पर आवास एवं पर्यावरण विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-3-69-2007-बत्तीस, भोपाल दिनांक 21 सितम्बर 2007 पढ़ी जावे.

क्र. एफ. 3-59-2015-अठारह-5.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, (संशोधित) 1973 (क्रमांक 1 सन् 2012) की धारा 23 ''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-59-2015-अठारह-5, दिनांक 16 नवम्बर 2015 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रवर्तित बुरहानपुर विकास योजना, 2021 में निम्न उल्लेखित शर्तों के साथ उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे एवं शर्तें निम्नानुसार हैं :—

अनुसूची

